an>

Title: Regarding inclusion of road from Mangalpur (Gopalganj) to Saran Border in Bihar under National Highway-laid.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): मैं माननीय मंत्री जी सड़क परिवहन और राजमार्ग का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में स्थित सारण बांध की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । सारण बांध गोपालगंज जिले के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण मार्ग का कार्य करता है जो कि लोगों को कई जिलों से जोड़ता है ।

अगर मंगलपुर (गोपालगंज) से लेकर पकहा (सारण बॉर्डर) तक बांध को नेशनल हाइवे में सम्मिलित किया जाता है तो इससे मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों को काफी सुविधा होगी तथा 26 लाख जनसंख्या को लाभ मिलेगा । कृषि क्षेत्र में भी काफी प्रगति होगी एवं क्षेत्रीय व्यापार में भी बढ़ोतरी होगी साथ ही साथ भारत सरकार को इससे काफी राजस्व की भी प्राप्ति होगी । मैं यही बताना चाहूँगा कि अगर सारण बॉर्डर (पकहा) से लेकर मंगलपुर (गोपालगंज) तक राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तार होता है तो इससे बिहार में कई जिलों से सीधा सम्पर्क राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से स्थापित होगा ।

अत: मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज के विकास के लिए सारण बॉर्डर (पकहा) से लेकर मंगलपुर (गोपालगंज) तक नेशनल हाइवे में शामिल किया जाय तथा राष्ट्रीय राजमार्ग में शामिल करने के बाद सारण बांध पर नेशनल हाइवे का काम शुरू किया जाय ।